## कार्यालय प्रधानाचार्य महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अम्बेडकर नगर, उ0प्र0

पत्रांक:रेजीडेन्ट / विज्ञप्ति / 2025 / दिनांक: 12/08/2025

### :सेवायोजन विज्ञप्ति:

राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में ट्यूटर / डिमॉस्ट्रेटर / जूनियर रेजीडेन्ट / सीनियर रेजीडेन्ट के रिक्त पदों को प्रत्येक बुधवार को वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से भरे जाने हेतु समाचार में प्रकाशित सेवायोजन विज्ञप्ति संख्या कैम्प / 2025 / 195 दिनांक 01.02.2025 के माध्यम से सूचना प्रसारित की गयी है (प्रति संलग्न) के क्रम में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। यह भी अवगत कराना है, कि शासनादेश संख्या: 950 / 71–2–82 / 82 / 2017 दिनांक: 07 मार्च, 2018 के क्रम में अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के तहत सेवायोजित अभ्यर्थी की तैनाती के उपरान्त नियुक्त अभ्यर्थियों की सेवायें स्वतः समाप्त मानी जायेगी।

**विवरण:–निम्नवत् है:–**

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | पदनाम | शासन द्वारा स्वीकृत पद | भरे पद | रिक्त पद | UR | OBC | SC | ST | EWS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निश्चेतना विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 08 | 03 | 05 | 01 | 02 | 02 | 00 | 00 |
| 2. | चर्म रोग विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 02 | 00 | 02 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 3. | नाक,कान,गला रोग विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 02 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 4. | सामान्य मेडिसिन विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 06 | 02 | 04 | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| 5. | सामान्य सर्जरी विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 06 | 01 | 05 | 02 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| 6. | बाल रोग विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 03 | 00 | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| 7. | मानसिक रोग विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 02 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 8. | रेडियोलाजी विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 05 | 01 | 04 | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 9. | टी0बी0 एवं चेस्ट रोग विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 02 | 00 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 10. | दन्त रोग विभाग | सीनियर रेजीडेन्ट | 02 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| **कुल रिक्त पदों की संख्या:–** | | | **38** | **10** | **28** | **11** | **8** | **6** | **0** | **3** |

- **नोट:–शासन के द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही चयन प्रक्रिया की जायेगी एवं सीटों की संख्या आवश्यकतानुसार घट एवं बढ़ सकती है।**

उक्त पदों पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत है:–

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले सीनियर रेजीडेन्ट का वेतनमान रू0 67,700 / –(7th लेवल–11) प्रतिमाह है।
2. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले जूनियर रेजीडेन्ट का वेतनमान रू0 56,100 / –(7th लेवल–10) प्रतिमाह है।
3. समस्त पदों पर योग्यता एन0एम0सी0, नई दिल्ली के मानकों के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार होगी।
4. संविदा पर नियुक्त एस0आर0 की सेवाएं महानिदेशालय के सेवा बाण्ड के आधार पर चयनित सीनियर रेजीडेन्ट के उपलब्ध होने / सम्बन्धित विषय में पी0जी0 / डी0एन0बी0 डिप्लोमा छात्र / छात्राओं के प्रवेश लेने पर (Last Come First Go) के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा संतोषजनक न पायें जाने पर 01 माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती है, संविदा छोड़ने की स्थिति में 01 माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का वेतन / मानदेय जमा कराना होगा।
5. उक्त पदों पर शासन के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा, सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर चयन की प्रक्रिया चयन समिति द्वारा की जायेगी।
6. साक्षात्कार की तिथि, अन्य विवरण एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें मेडिकल कालेज, की वेबसाईट www.mramc.ac.in पर समय–समय पर प्रदर्शित की जायेगी, अतः वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

Scanned with OKEN Scanner

7. आर्थिक रूप से कमजोर (ई0डब्लू0एस0) प्रमाण पत्र नियमानुसार मान्य होगा।
8. अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) प्रमाण पत्र नियमानुसार मान्य होगा।
9. उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार के विद्यमान शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण अनुमन्य होगा।

**नोटः—वाक—इन—इन्टरव्यू (Walk in Interview) में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**

**प्रधानाचार्य**
एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर।

पत्रांकःरेजीडेन्ट/विज्ञप्ति/2025/2210-27 तद्दिनांकः—
प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0,लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
3. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 सूचना भवन, पार्क रोड, लखनऊ।
5. प्रधानाचार्य, समस्त मेडिकल कालेज/स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय उ0प्र0।
6. प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान कार्यालय, राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
7. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
8. समस्त सदस्य चयन समिति राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
9. नोटिस बोर्ड/सूचना पट्ट हेतु।

**प्रधानाचार्य**
एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर।

Scanned with OKEN Scanner